☏ 0151-2250006

REGIONAL OFFICE
RAJASTHAN STATE' POLLUTION CONTROL BOARD
Plot No SPL-33, Phase-2nd, Bhichhwal Indusrial Area,
Bikaner – 334001

Email:-ro.bikaner@gmail.com www.rpcb.rajasthan.gov.in

RPCB/RO BIK/SGNR F-6/ 245 Date : 03/06/2019

मैसर्स एफ.सी.आई. अरावली
जिप्सम एण्ड मिनरल्स इण्डिया लिमिटेड,
गंगुसिंह राजवी मार्ग, पावटा 'बी' रोड,
जोधपुर

Sub:- मैसर्स एफ.सी.आई अरावली जिप्सम एण्ड मिनरल्स इण्डिया लिमिटेड (एम.एल नं. 03/85), निकट ग्राम करनीसर, क्षेत्रफल 48.73 हैक्टेयर, उत्पादन क्षमता 40,000 टी.पी.ए. जो कि तहसील–सुरतगढ, जिला–श्रीगंगानगर में संचालित है, के लिए पर्यावरणीय स्वीकृति बाबत्।

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि आपकी इकाई की पर्यावरणीय स्वीकृति की जनसुनवाई से सम्बंधित विज्ञापन इस पत्र के साथ संलग्न है जो कि एक राष्ट्रीय स्तर (सभी संस्करण) तथा एक दैनिक क्षेत्रीय स्तर (हिन्दी संस्करण) में दिनांक 05.06.2019 तक प्रकाशित करावें तथा सभी अखबारो की प्रति इस कार्यालय में प्रेषित करावे ताकि लोक सुनवाई का क्रमानुसार आयोजन दिनांक 05.07.2019 को दोपहर 2:00 बजे राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय, करनीसर, तहसील–सुरतगढ, जिला–श्रीगंगानगर में करवाया जा सके।

साथ ही आपसे निवेदन है कि विज्ञापन में वर्णित सभी कार्यालयों में ई.आई.ए. रिपोट्स तथा कार्यकारणी सार की हिन्दी व अंग्रेजी प्रतियां जमा करवाये।

भवदीय

Sd/-
(प्रेमालाल रैगर)
क्षेत्रीय अधिकारी

प्रतिलिपि :–

1. सदस्य सचिव, राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, जयपुर को सादर सूचनार्थ।
2. एनालिस्ट कम प्रोग्रामर, राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, जयपुर को विभागीय वेबसाईट पर अवलोकनार्थ उपलब्ध करवाने हेतु प्रेषित।

प्रेमलाल
क्षेत्रीय अधिकारी
राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल
बीकानेर (राजस्थान)

Scanned by CamScanner

राजस्थान राज्य प्रदूषण नियन्त्रण मण्डल

क्षेत्रीय कार्यालय, बीछवाल औद्योगिक क्षेत्र, बीकानेर

क्रमांक राप्रनिमं/बीका/तक/श्रीगंगा/एफ–6/ दिनांक

पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु लोक सुनवाई के लिए आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि:–

1. मैसर्स एफ.सी.आई अरावली जिप्सम एण्ड मिनरल्स लिमिटेड, जोधपुर नें खनन पट्टा संख्या 03/85, निकट करनीसर, तहसील–सूरतगढ, जिला– श्रीगंगानगर, क्षेत्रफल 48.73 हैक्टयर, जिप्सम खनन की उत्पादन क्षमता 40,000 टी.पी.ए. के लिए पर्यावरण स्वीकृति बाबत प्रस्ताव राजस्थान प्रदूषण नियंत्रण मण्डल (यहाँ तथा बाद में मण्डल के नाम से अभिलिखित) के समक्ष प्रस्तुत किये है ।
2. और चूंकि मैसर्स एफ.सी.आई अरावली जिप्सम एण्ड मिनरल्स लिमिटेड, जोधपुर को वन एवं पर्यावरण मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली द्वारा जारी अधिसूचना दिनांक 14.09.2006 एव संशोधन अधिसूचना दिनांक 06.04.2018 के अनुसार उक्त परियोजना को नवीन पर्यावरणीय स्वीकृति की आवश्यकता है।
3. और चूंकि उपरोक्त लीज धारक ने राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल को उक्त परियोजना की जन सुनवाई के लिए आवेदन किया है ।
4. और चूँकि उक्त परियोजना हेतु वन एव पर्यावरण मत्रांलय, भारत सरकार, नई दिल्ली द्वारा जारी अधिसूचना दिनांक 14.09.2006 के अनुसार जन सुनवाई हेतु मण्डल द्वारा इस आशय की सूचना जारी कर 30 दिवस का नोटिस दिया जाना आवश्यक है ।
5. उक्त परियोजना से सम्बन्धित संक्षिप्त अभिलेख (पर्यावरण प्रभाव आंकलन एवं सार रिपोर्ट) निम्नांकित कार्यालयों पर अवलोकनार्थ उपलब्ध है:–
    1. जिला कलक्टर कार्यालय, श्रीगंगानगर।
    2. जिला परिषद कार्यालय, श्रीगंगानगर।
    3. जिला उद्योग केन्द्र, श्रीगंगानगर।
    4. पंचायत समिति कार्यालय, सुरतगढ़, श्रीगंगानगर।
    5. तहसील कार्यालय, सुरतगढ, श्रीगंगानगर।
    6. ग्राम पंचायत कार्यालय, जानकीदासवाला, तहसील–सुरतगढ, जिला–श्रीगंगानगर।
    7. क्षेत्रीय कार्यालय, राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, बीकानेर ।
    8. पर्यावरण विभाग, राजस्थान सरकार, शासन सचिवालय, जयपुर, राजस्थान ।
    9. राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, मुख्य कार्यालय, 4 पर्यावरण मार्ग संस्थानिक क्षेत्र, झालाना डूँगरी, जयपुर, राजस्थान ।
    10. क्षेत्रीय कार्यालय, वन एव पर्यावरण मंत्रालय, भारत सरकार, लखनऊ, उत्तर प्रदेश।

अतः सर्वसाधारण को नोटिस के माध्यम से एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि उक्त परियोजना की पर्यावरणीय स्वीकृति से संबधित जन सुनवाई हेतु दिनांक 05.07.2019 को दोपहर 2:00 बजे राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय, करनीसर, तहसील–सुरतगढ, जिला–श्रीगंगानगर में उपस्थित होकर अपने लिखित/मौखिक आक्षेप प्रस्तुत कर सकते है ।

इस सम्बन्ध में लिखित आक्षेप/सुझाव इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 दिवस के अन्दर राजस्थान प्रदूषण नियत्रण मण्डल क्षेत्रीय कार्यालय, प्लॉट नं. स्पे 33, बीछवाल औद्योगिक क्षेत्र, बीकानेर में दिये जा सकते है ।

(प्रेमलाल रैगर)
क्षेत्रीय अधिकारी
राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल
बीकानेर (राजस्थान)

Scanned by CamScanner